Nai Dunia (Indore), 2nd November 2021, Page-11

# आइआइटी इंदौर अन्य शिक्षण संस्थानों में देगा आधुनिक लैब की जानकारी

**इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** आइआइटी इंदौर ने अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को सौगात दी है। आइआइटी अपनी अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं के संबंध में हर जानकारी विद्यार्थियों से साझा करेगा। इससे उन्हें और बारीकी से पता लग सकेगा कि शोध कैसे होते हैं और इसमें प्रयोगशालाओं का उपयोग कैसे किया जा सकता है।

संस्थान ने इसके लिए आनलाइन शिक्षण प्रयोगशाला नाम से कार्यक्रम शुरू किया है। विश्व स्तर की प्रयोगशालाओं का उपयोग करने के लिए संस्थान ने आनलाइन माध्यम बनाया है। प्रयोगशालाएं इंटरेक्टिव होंगी जहां विद्यार्थी अपनी शंकाओं को तुरंत स्पष्ट कर सकते हैं। आइआइएम उन्हें प्रयोगात्मक सीखने के विभिन्न चरणों में भाग लेने में सक्षम करेगा। इससे शोध के लिए प्रयोग, विश्लेषण और डाटा की व्याख्या का काम किया जा सकेगा। प्रयोगशाला से विद्यार्थियों को हर बारीकी पता लग सकेगी। जो विद्यार्थी इसमें शामिल होंगे, उन्हें ई- प्रमाण पत्र भी जारी किया जाएगा। इससे संबंधित पूरी जानकारी आइआइटी इंदौर के पोर्टल पर जारी की गई है। संस्थान ने एक ईमेल आइडी भी जारी किया है जिस पर प्रयोगशालाओं से संबंधित प्रश्न अधिकारियों तक पहुंचाए जा सकेंगे। आइआइटी इंदौर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन का कहना है कि हमने इन सब काम के लिए रिसोर्सेज जनरेशन डीन पद जनवरी 2020 में बनाया था। इसके तहत दूसरे संस्थानों के साथ जानकारी साझा कर उनसे भी जानकारी का आदान-प्रदान करना है। रिसोर्सेज जनरेशन के डीन प्रो. आनंद पारे का कहना है कि हमने ऐसा पाठ्यक्रम तैयार किया है जिसमें कई विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम भी कवर हो जाते हैं। इससे संस्थानों में होने वाले विभिन्न प्रयोग किस तरह होते हैं, इसकी विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को मिल सकेगी। इसके पहले स्कूल के विद्यार्थियों के साथ ज्ञान का आदान-प्रदान करने के लिए 'विज्ञान पर चर्चा' नाम से कार्यक्रम चलाया गया था।

**संस्थान आनलाइन माध्यम से बताएगा कि शोध में किस तरह प्रयोगशाला का उपयोग होता है**

